**3 (Sem–5/CBCS) HIN–HC 2**

# 2021

( Held in 2022 )

HINDI

Paper : HIN–HC–5026

**( प्रयोजनमूलक हिन्दी )**

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'प्रयोजनमूलक' शब्द का अंग्रेजी समानार्थी शब्द क्या है?

(ख) भारतीय संविधान के 343वें अनुच्छेद में हिन्दी भाषा को किस रूप में स्वीकृत किया गया है?

(ग) ग्यारहवें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किस देश में हुआ था?

(घ) राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत कितने द्विभाषी दस्तावेजों का उल्लेख है?

(ङ) राष्ट्रभाषा का तात्पर्य बताइए।

(च) चलचित्र में प्रयुक्त हिन्दी की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(छ) सरकारी पत्र के किसी एक प्रकार का नामोल्लेख कीजिए।

(ज) आलेखन का आशय क्या है?

(झ) पारिभाषिक शब्दावली किसे कहते हैं?

(ञ) 'Dean of Arts' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों का अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) कार्यालयी टिप्पण का तात्पर्य क्या है?

(ख) व्यावसायिक पत्र-लेखन की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) निम्नलिखित पदनामों के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

Accounts Officer ; Anti-corruption Officer.

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए :

As early as possible ; Verified and found correct.

(ङ) राज्यों की राजभाषा या राजभाषाओं के बारे में संविधान के 345वें अनुच्छेद में क्या कहा गया है?





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी के वैश्विक परिदृश्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) कार्यालयीन हिन्दी के प्रमुख लक्षणों का खुलासा कीजिए।

(घ) वैज्ञानिक हिन्दी की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) हिन्दी के विकास में आकाशवाणी की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(च) अनुस्मारक का एक नमूना प्रस्तुत कीजिए।

**4.** भारतीय संविधान के 351वें अनुच्छेद में निहित प्रावधान का उल्लेख करते हुए अखिल भारतीय रूप में विकसित हिन्दी की अद्यतन स्थिति पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

राजभाषा नियम, 1976 की प्रमुख बातों का खुलासा कीजिए।

**5.** सरकारी पत्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उसकी एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 10

**अथवा**

परिपत्र की बुनियादी बातों का उल्लेख करते हुए उसकी एक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

**6.** व्यावसायिक हिन्दी और उसके प्रमुख लक्षणों पर सम्यक् चर्चा कीजिए। 10

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) मसौदा-लेखन

(ख) दूरदर्शन में हिन्दी

7. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

बचपन से ही मनुष्य के शरीर का विकास प्रारंभ हो जाता है। इस विकास के लिए उसे विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाएँ करनी पड़ती हैं। उसे अनेक प्रकार के व्यायाम एवं खेलों का सहारा लेना पड़ता है। जिस तरह किसी वृक्ष को रोपते समय सुंदर आहार, अच्छी जलवायु और सुंदर भूमि की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार शिशु की लघु देह के विकास में क्रीड़ाओं का अधिक योगदान होता है। छात्रावस्था तो उसके लिए स्वर्णिम काल होता है, जब छात्र अनुशासित ढंग से अपने शिक्षकों के निरीक्षण में खेलों को खेलता है। उस समय खेल खेलते हुए उसमें भ्रातृत्व की भावना का संचार होता है।

अथवा

संसार में समय को सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण एवं मूल्यवान धन माना गया है। इस मूल्यवान धन अर्थात् समय को व्यर्थ ही नष्ट नहीं करना चाहिए। बीता हुआ समय वापस नहीं आता। इसके विषय में एक कहावत प्रसिद्ध है—"गया वक्त फिर हाथ नहीं आता। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता।" समय का महत्त्व इस बात से भी स्पष्ट है कि यदि धन खो जाए तो पुनः कमाया जा सकता है, यदि स्वास्थ्य खो जाए तो उसको भी प्राप्त किया जा सकता है। परन्तु, यदि एक बार हाथ से समय निकल जाए, तो वह पुनः लौट कर नहीं आ सकता। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करते हैं, वे ही जीवन में सफल होते हैं।

★ ★ ★